हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 19 जून 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 वृहद स्तर पर मनाया स्कूल चलें हम अभियान...



07 हल भेंट कर किसानों ने शिवराज को बताई...



## कलेक्टर ने की जनसुनवाई, 104 आवेदन आए, संबंधित अधिकारियों को निराकरण के दिए गए निर्देश

# ग्रामीणों ने कहा- श्मशान घाट के लिए भूमि है, लेकिन राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं होने से जीर्णोद्धार नहीं किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में मंगलवार को जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में 104 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं के निराकरण का अनुरोध किया। कलेक्टर ने निराकरण योग्य आवेदनों का अधिकारियों से मौके पर निराकरण करवाया, शेष आवेदनों के निराकरण की समय-सीमा निर्धारित कर संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर किरण बरवडे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।







### इंद्राज कराने आवेदन दिया

जनसुनवाई में नलखेड़ा तहसील के ग्राम कचनारिया के ग्रामीणों ने श्मशान की भूमि को राजस्व रिकार्ड में इन्द्राज कराने आवेदन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की श्मशान घाट के लिए भूमि है, किन्तु राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं होने पर उक्त श्मशान का ग्राम पंचायत के माध्यम से जीर्णोद्धार नहीं किया जा रहा है, उक्त भूमि का श्मशान भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाएं। कलेक्टर ने एसडीएम सुसनेर को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। सुनीता निवासी नलखेड़ा ने दोनों कानों से कम सुनवाई देने पर श्रवण यंत्र प्रदान करवाने हेतु आवेदन देने पर कलेक्टर द्वारा मौके पर सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से आवेदिका को श्रवण यंत्र प्रदान कर उसकी समस्या का तत्काल निराकरण किया गया। आवेदक मोहनलाल ने घरेलू विद्युत बिल अधिक आने के संबंध में आवेदन देकर बताया कि बिजली की कम खपत होने के बाद भी एक माह के 13 हजार से अधिक का बिल विद्युत विभाग द्वारा प्रदाय किया गया। बिल की जांच करवाकर विद्युत देयक राशि में सुधार करवाया जाए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण करने निर्देशित किया।

### प्रोत्साहन राशि प्रदान कराने आवेदन दिया

आवेदक रामदयाल राठौर निवासी ग्राम रावली सुसनेर ने अंतर-जातिय विवाह प्रोत्साहन राशि प्रदान कराने के लिए आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि उसके द्वारा आरती बौरकर जिला बालाघाट से अन्तर्जातिय विवाह किया गया है। शासन की योजनान्तर्गत विवाह प्रोत्साहन राशि प्रदान करवाई जाए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदन का निराकरण के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की गई साफ-सफाई



**सीहोर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिले में अनेक जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत बुदनी के आवलीघाट पर नदी की सफाई का कार्य किया गया। भैरूंदा में नीलकंठ के नर्मदा घाट पर साफ-सफाई की गई। मर्दानपुर एवं नगर परिषद कोठरी, रेहटी में वृक्षारोपण एवं मंदिर की साफ-सफाई का कार्य किया गया।

### एक ही परिसर में एक से अधिक बिजली कनेक्शन की सुविधा

**सीहोर।** राज्य शासन के निर्णयानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब उपभोक्ताओं को एक ही परिसर में पृथक-पृथक रहने पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन प्रदान करने की सुविधा कुछ शर्तों के आधार पर कराई जा रही है। कंपनी ने कहा है कि ऐसे आवेदक जो एक ही परिसर में निवास कर रहे हैं लेकिन अलग-अलग रहते हैं, तो उनके द्वारा अलग बिजली कनेक्शन का आवेदन करने पर उन्हें नवीन कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विगत दिवस समीक्षा बैठक में इस संबंध में कार्यवाही के निर्देश दिये थे। कंपनी ने कहा है की मूल विद्युत कनेक्शन के अधीन परिवार के द्वारा पृथक कनेक्शन चाहे जाने पर मूल कनेक्शन परिवार के मुखिया के नाम करवाने हेतु यथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नेताओं का मां के दर पर आना जारी, महेंद्र सिंह व प्रफ्फुल पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





मां बगलामुखी मंदिर पर राजनेताओं का आना लगातार जारी है। राजनेता अपनी मनोकामना को लेकर मां के दर पर मत्था टेकने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को मां बगलामुखी मंदिर पर भाजपा मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह एवं एनसीपी नेता प्रफ्फुल पटेल पहुंचे।

मंगलवार को भाजपा के लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी महेंद्रसिंह मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। दर्शन पूजन के बाद सिंह समीप स्थित सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहां उनके द्वारा संतश्री सांदीपेंद्र महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद महाराष्ट्र के एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रफ्फुल पटेल ने माता रानी के दर्शन कर पूजन किया। पटेल ने यज्ञशाला में विशेष हवन अनुष्ठान भी किया। नेताद्वय के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा कार्यसमिति सदस्य प्रेम मस्ताना, मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा आदि पार्टी नेताओं ने स्वागत किया।

बैंक जा रहा था राशि जमा कराने

# आमला-नलखेड़ा मार्ग पर दिनदहाड़े चाकू मारकर टोलकर्मी के साथ लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नलखेड़ा-आमला मार्ग पर दिनदहाड़े लूट की वारदात को बदमाशों द्वारा अंजाम दिया गया। एक टोलकर्मी बाइक पर सवार होकर बैंक में राशि जमा करने जा रहा था। उसे ग्राम लालूखेड़ी के बीच में काले रंग की स्कार्पियो में सवार पांच बदमाशों ने चाकू मारकर एक लाख चालीस हजार रुपए का बैग चुराकर मौके से फरार हो गए। जानकारी लगने पर थाना प्रभारी सहित पुलिस दल मौके पर पहुंचा और जांच में जुट गया। वहीं घायल टोलकर्मी का स्थानीय सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर जिला स्वास्थ्य केंद्र आगर रेफर किया गया।

### बदमाश बैग लेकर भागे

सुसनेर-कोटा मार्ग पर ग्राम आमला के समीप बने पगारिया टोल पर कार्यरत कर्मचारी श्याम सिंह जो की टोल की सिल्लक जमा कराने नलखेड़ा स्थित बैंक जा रहा था, तभी ग्राम आमला और लालूखेड़ी के मध्य एक काले रंग की स्कार्पियो में सवार पांच बदमाशों ने बाइक सवार को कट लगाकर रोका व उसके पेट में चाकू से वार कर एक लाख चालीस हजार रूपयों से भरा बैग मौके से लेकर फरार हो गए। घटनास्थल से घायल टोल कर्मचारी को सिविल अस्पताल नलखेड़ा में उपचार के लिए लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार कर जिला स्वास्थ्य केंद्र आगर रेफर किया गया। जानकारी लगने पर थाना प्रभारी शशि उपाध्याय सहित पुलिस दल मौके पर पहुंचा और जांच में जुट गया।

# क्षेत्रवासियों को बदहाल सड़कों से मिली मुक्ति 12 लाख से वार्ड 29 में सड़कों का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की अनेक कॉलोनियों में वर्षों से बदहाल पड़ी सड़कों का बारिश से पूर्व निर्माण कार्य पूरा किया जा रहा है। शहर में अनेक सड़कों का निर्माण हो रहा है। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का डीडी स्टेट क्षेत्रवासियों से आभार व्यक्त किया और उनका स्वागत किया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यहां पर सड़क का निर्माण वर्षों से नहीं हुआ था। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन वार्ड 29 के पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण वारिया के अथक प्रयास और डीडी स्टेट वासियों की वर्षों पुरानी समस्या का निदान हो गया है। क्षेत्र में 12 लाख की लागत से तीन सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बीते कई सालों से बदहाल पड़ी इस सड़क का कायाकल्प होने जा रहा है। इस सड़क से रोजाना बड़ी संख्या में वाहन चालक सहित राहगीर आवागमन करते हैं। स्थानीय रहवासियों की माने तो वर्षों से जर्जर हो चुकी सड़क और नाली नहीं होने से परेशानी हो रही थी। अब निर्माण कार्य पूरा होने के बाद समस्याओं से निजात मिल जाएगी। रविवार को भी नगर पालिका अध्यक्ष राठौर शहर के वार्ड क्रमांक 28 में जारी सड़क निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे थे।



**सीहोर।** नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण।

# ईद पर अमन की दुआ के लिए उठे हजारों हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा सोमवार को मनाया गया। शहर के पुट्ठा मिल स्थित ईदगाह में ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान खुदा की इबादत में हजारों हाथ उठे। मुस्लिम अकीदतमंदों ने क्षेत्र में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ की। यहां पर उपस्थित काजी साहब ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई, वहीं शहर की कई मस्जिदों में सुबह के समय नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी।

इस मुबारक मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, समाजसेवी सईदलाला मंसूरी, मनोज दीक्षित मामा, जमशेद खान, वसीम खान सहित अन्य लोगों ने ईद की बधाई दी। सोमवार को ईद होने के कारण शहर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में अल सुबह से कुर्बानी और शांति देने वाली ईद की खुशियों को लेकर एक दूसरे के लिए चहल-पहल थी। इसके बाद हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के बंधुओं ने ईदगाह के विशाल मैदान पर एक साथ उठकर खुदा की इबादत में दुआ की। सोमवार को शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों बकरा ईद का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसे लेकर मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों में सुबह पहुंचे। जहां उन्होंने ईद की नमाज अता कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। मोगरा फूल के सरपंच शहीद भाई ने बताया कि ईद का यह पर्व सभी के लिए इंसानियत का पैगाम देने वाला है। नेक इंसान वही है जो दूसरों के लिए जीता हो। पाप से डरता हो। साफ मन वाले इंसान की कुर्बानी को ही अल्लाह कबूलते हैं।



## स्कूल चलें हम अभियान 2024 की शुरुआत, बच्चों को पुस्तकें वितरित की

# शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत कर अभिभावकों को सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रदेश सरकार द्वारा 18 से 20 जून तक स्कूल चलें हम अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एकीकृत शाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुराड़िया खाती में प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत कर अभिभावकों को सम्मानित किया। अभियान के प्रथम दिवस मंगलवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुराड़िया खाती में प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां शारदा की पूजा अर्चना की गई। सरपंच प्रतिनिधि मुकेश बेगाना, एसएमसी अध्यक्ष रामभरोसे बेगाना, जनशिक्षक जगदीश यादव अभिभावक घनश्याम बेगाना, शिक्षक राजेन्द्र सोनी, दिनेश पाटीदार, श्रीमती देव मालवीय ने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया, वहीं अभिभावकों को सम्मानित किया गया। बच्चों को पुस्तकें वितरित की गईं। स्कूल चलें अभियान के तहत तीन दिवसीय आयोजन होगा, जिसकी शुरुआत मंगलवार से हुई।

## सीएम राइज स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

नगर के सीएम राइज स्कूल में मंगलवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों का तिलक लगाकर व पुष्पहारों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद पूजा निलेश लोढ़ा उपस्थित थीं। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी रजनीश सोनी, एपीसी मेवाड़ा उपस्थित थे।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर पुष्पहार से स्वागत किया गया। नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए कक्षा वार निःशुल्क पुस्तक वितरण अतिथियों के हाथों किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को मेहनत एवं पूरी लगन से पढ़ाई कर अपना तथा अपने परिवार का नाम रोशन करने की बात कही गई। कक्षा 1 से आठवीं तक के बच्चों को मध्यांह भोजन भी करवाया गया।





# सुपार्श्वनाथ मंडल विधान का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के चौक बाजार स्थित श्रीसुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मूल नायक परमात्मा सुपार्श्वनाथ भगवान के जन्म एवं तप कल्याण दिवस पर मंडल विधान का आयोजन किया गया। लाभार्थी परिवार द्वारा पूजन कर श्रीजी का अभिषेक किया गया। मंगलवार को सुपार्श्वनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याण दिवस पर लाभार्थी अशोक कुमार शुभम जैन सांवला परिवार द्वारा प्रातः 6:45 पर मूलनायक भगवान का प्रथम अभिषेक किया गया। शांतिधारा भी की गई। इसके बाद मंदिर में सुपार्श्वनाथ मंडल विधान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद प्रभावना वितरण की गई।



**खबर संक्षेप**

## आयुक्त ने प्राचार्य को किया निलंबित

**देवास।** संभाग आयुक्त उज्जैन संजय गुप्ता ने प्राचार्य उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खातेगांव पलकराम सरलाम को मध्य प्रदेश सिविल सेवा अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि के दौरान प्राचार्य उत्कृष्ट उ. मा. वि. खातेगांव पलकराम सरलाम का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय देवास रहेगा। इन्हें निलंबन काल में जीवन निर्वाह भत्ता नियमानुसार प्राप्त करने की पात्रता होगी। आदेश में उल्लेख है कि प्राचार्य उत्कृष्ट उ. मा. वि. खातेगांव पलकराम सरलाम के विरूद्ध पुलिस थाना खातेगांव में प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में शिकायतकर्ता द्वारा प्राचार्य उत्कृष्ट उ. मा. वि. खातेगांव पलकराम सरलाम पर छेड़-छाड़ के आरोप लगाए गए हैं।


## जिले में मत्स्याखेट क्रय-विक्रय, लेन-देन व परिवहन प्रतिबंधित



**देवास।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले में 15 अगस्त तक की अवधि को बन्द ऋतु (मत्स्य प्रजनन काल) घोषित किया है। इस अवधि में जिले में मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय, मत्स्य लेन-देन एवं परिवहन करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले में छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नही है और जिसको निर्दिष्ट जल की परिभाषा में नही लाया गया है, को छोडकर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष तक का कारावास या पांच हजार रूपये तक का जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जायेगा। इस अवधि में कोई भी मत्स्याखेट एवं मत्स्य परिवहन न करे एवं न ही इन कार्यो में सहयोग दें। उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव के रूप में मनाते हुए बच्चों को दिया प्रवेश

# वृहद स्तर पर मनाया स्कूल चलें हम अभियान, जिले के शासकीय स्कूलों में उत्सव से हुई पहले दिन की शुरुआत



### जिले के सरकारी स्कूल खुल गए। प्रशासन द्वारा इस साल बड़े स्तर पर स्कूल चले हम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के सरकारी स्कूलों में मंगलवार से प्रवेश उत्सव के रुप में मनाते हुए बच्चों को प्रवेश दिया गया। मंगलवार से जिले के सरकारी स्कूल खुल गए। प्रशासन द्वारा इस साल बड़े स्तर पर स्कूल चले हम अभियान मनाया जा रहा है।। प्रवेश लेने वाले बच्चों को पहले दिन उनके माथे पर तिलक लगाकर स्कूलों में प्रवेश कराया गया। सीएम राइज शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवास में नवीन सत्र 2024-25 का शुभारंभ विद्यालय में गरिमामय प्रवेश उत्सव के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र बंसल ने बताया कि सीएम राइज योजना की अवधारणा के अनुसार पहले से ही समृद्ध विद्यालय को विद्यार्थियों के स्वागत के लिए तैयार किया गया, बंदनवार सजाए गए, रंगोली बनाई गई स्वागत द्वारा तथा स्वागत पथ बनाया गया। इसके पश्चात विद्यालय में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों का ढोल ताशों के साथ पुष्प वर्षा करके तिलक लगाकर प्रवेश कराया गया विद्यालय प्रांगण में झंडा वंदन के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रवेश उत्सव की विशेषता यह रही कि विद्यालय को बच्चों के लिए सजाने के साथ-साथ सीएम राइज विद्यालय के शिक्षकों ने प्रतिदिन विद्यार्थियों द्वारा की जाने वाली प्रार्थना सभा एवं असेंबली प्रस्तुत की जिसमें सरस्वती वंदना, ईश वंदना, प्रेरणा गीत, प्रतिज्ञा, पंचांग, आज के समाचार, सुविचार, राष्ट्रगीत आदि की प्रस्तुति दी गई। योग शिक्षक एच एल जाट के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने योगाभ्यास किया विद्यार्थियों को पुस्तक भी वितरित की गई। विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र बंसल ने विद्यालय को लाइटहाउस एवं नोडल विद्यालय बनाए जाने की जानकारी देते हुए लाइट हाउस की अवधारणा से विद्यार्थियों को परिचित कराया। उन्होंने कहा कि एक आदर्श नागरिक बनने के लिए शिक्षा के साथ अनुशासन नियमित का सहयोग नैतिक एवं सामाजिक गुणों तथा कौशल विकास आवश्यक है । सीएम राइज विद्यालय परिवार इन सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापक सुनीता शर्मा के संयोजन में अतुल कुमार शर्मा, स्मृति शर्मा, निशा नागर, लक्ष्मी पाटीदार, दीक्षा दुबे मिथलेश पाल, श्वेता काकड़े अनीता बागोरा रेखा दुबे, प्रेमलता कुमरावत आदि ने मंच सज्जा द्वार सज्जा रंगोली आदि में सहयोग के साथ मंच पर प्रस्तुतियां दी। विकास मोहने, रविंद्र नरवरे, रवि शंकर गौतम, प्रदीप भाटी, कृष्ण अग्रवाल आदि ने पुस्तक वितरण में सहयोग किया। बच्चों के लिए स्वागत भाषण दीपेश अजमेर तथा प्रेरक उद्बोधन भारती जायसवाल ने दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिल आर्य एवं दीपेश अजमेर ने किया। आभार विद्यालय के प्रधान अध्यापक संजय पाटिल ने माना कार्यक्रम के समापन में विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरण किया गया।

### तिलक व कैप लगाकर किया स्वागत

शासकीय माध्यमिक विद्यालय महाकाल कॉलोनी में स्कूल चले हम अभियान की शुरुआत शासकीय माध्यमिक विद्यालय महाकाल कॉलोनी में बच्चों को तिलक एवं कैप लगाकर स्कूल चले हम अभियान की शुरुआत की गई। प्रधान अध्यापक महेश सोनी ने बताया, कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब जिला गवर्नर सुधीर पंडित एवं रोटरी क्लब के अध्यक्ष एचएस चंदेल थे। पंडित ने कहा, कि शासकीय स्कूल सुविधा और शिक्षा में किसी भी रूप से प्राइवेट स्कूल से कमतर नहीं है। इनमें शासन के प्रयास से बेहतर शिक्षा प्रदान की जा रही है। चंदेल ने कहा, कि बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करके राष्ट्र का निर्माण करें। इस अवसर पर बच्चों ने ग्रीष्म अवकाश में जो भी कार्य किया उसके संस्मरण सुनाए। रोटरी क्लब द्वारा सभी बच्चों को तिलक और कैप



लगाकर उनका अभिवादन किया गया। बच्चों द्वारा ग्रीष्म अवकाश में विभिन्न प्रकार के मॉडल एवं ड्राइंग, पोस्टर बनाए गए थे। इनका निरीक्षण अतिथियों ने किया। स्कूल स्टाफ राजेश चौहान, सूर्यबाला बघेल एवं पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बाल कैबिनेट के सदस्यों ने किया। यह जानकारी प्रधानाध्यापक सोनी ने दी।

### प्रवेशोत्सव में छात्रों में दिखा उल्लास

स्कूल चले अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 18 से 20 जून तक आयोजित किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 18 जून को स्थानीय श्री नारायण विद्या मंदिर क्रं. 01 देवास में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नवीन प्रवेशित छात्रों का स्वागत किया गया। नई कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्रों में उल्लास एवं हर्ष का वातावरण था। उत्साह के साथ वे विद्यालय पहुंचे। इस अवसर पर संस्था में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय पार्षद दिव्या नितिन आहूजा उपस्थित रही। अपने उद्बोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी वर्तमान समय का सदुपयोग करे। अध्ययन के लिए पूर्ण समय दे। अपना लक्ष्य निर्धारित करे और लक्ष्य प्राप्ति के लिए अथक मेहनत करे। संस्था प्राचार्य पम्मी नाथ ने भी छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। सरस्वती वंदना संस्था शिक्षक लोकेश सांवलिया ने की। अतिथि आभार संस्था के वरिष्ठ शिक्षक के.एन. शुक्ला ने व्यक्त किया। संस्था के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं इस अवसर पर उपस्थित रही।

## निर्माण कार्यों का सरपंच ने किया निरीक्षण

**चापडा।** ग्राम पंचायत छतरपुरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के लिए नदी,नालो में बारिश के दिनों के पानी संरक्षण के लिए स्टाफ डैम बनाएं गए हैं। मंगलवार को सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार, सचिव सागर चौहान, रोजगार सहायक सचिव नंदकिशोर पाटीदार के साथ सरपंच ने किए गए निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।साथ ही मुक्तिधाम सहित अन्य स्थानों पर पौधारोपण किया गया। सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार ने बताया कि बारिश के दौरान नदी, नालों में अधिक से अधिक जल संरक्षण हो जिससे कि गांव का जलस्तर बना रहे।उसी उद्देश्य से यह काम किया गया है।साथ ही पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधारोपण बारिश में भी किया जाएगा। इस दौरान गांव के वरिष्ठिजन भी उपस्थित रहे।



## पुलिस पर हमला करने वाले आरोपियों के घर पर चला बुल्डोजर

**देवास।** जिले में पुलिस की टीम पर हमला करने वाले 8 आरोपियों के घर प्रशासन ने बुलडोजर से ढहा दिए। मंगलवार को देवास पुलिस की मौजूदगी में ये कार्रवाई की गई। घर टूटता देख तीन महिलाओं ने जहर खा लिया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मामला सोनकच्छ ब्लॉक के नगर पीपलरावां का है। 13 जून को पुलिस की टीम कंजर डेरे में अवैध शराब पकड़ने गई थी। कंजरों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। एक आरोपी बबलू हाड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 7 आरोपी फरार है।



# जिम्मेदार विभाग क्यों है बेबस, करनावद क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही है अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर के बालगढ़ रोड़ स्थित अम्बे नगर में एक परिवार निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विक्रमगढ़ जिला आलोट गया था। मकान सूना देख अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिए और नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। चार दिनों के बाद मंगलवार सुबह परिजन घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा देखा। घर में दो अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। फरियादी ने इसकी सूचना औद्योगिक थाने पर की। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।जानकारी के अनुसार अम्बे नगर में रहने वाली निशा पिता नंदकिशोर योगी उनकी मां के साथ गत 14 जून को उनके भाई के लडक़े की मान के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आलोट जिले के विक्रमगढ़ गई थी। घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। इसी बीच सूना मकान देख अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। मंगलवार सुबह निशा उनकी माताजी के साथ घर पहुंची तो घर के दरवाजे का ताला व नकूचा टूटा हुआ था। निशा ने औद्योगिक थाने पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी शहर में कई कॉलोनियों में चोरी की वारदातें हो चुकी है। कुछ दिनों पूर्व ही सांसद निवास में चोरी हुई थी, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को चोरी किया हुआ सामान जब्त कर धरदबोचा था।

# सूने मकान से चोरों ने नकदी और आभूषण किए चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के बालगढ़ रोड़ स्थित अम्बे नगर में एक परिवार निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विक्रमगढ़ जिला आलोट गया था। मकान सूना देख अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिए और नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। चार दिनों के बाद मंगलवार सुबह परिजन घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा देखा। घर में दो अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। फरियादी ने इसकी सूचना औद्योगिक थाने पर की। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।जानकारी के अनुसार अम्बे नगर में रहने वाली निशा पिता नंदकिशोर योगी उनकी मां के साथ गत 14 जून को उनके भाई के लडक़े की मान के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आलोट जिले के विक्रमगढ़ गई थी। घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। इसी बीच सूना मकान देख अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। मंगलवार सुबह निशा उनकी माताजी के साथ घर पहुंची तो घर के दरवाजे का ताला व नकूचा टूटा हुआ था। निशा ने औद्योगिक थाने पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी शहर में कई कॉलोनियों में चोरी की वारदातें हो चुकी है। कुछ दिनों पूर्व ही सांसद निवास में चोरी हुई थी, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को चोरी किया हुआ सामान जब्त कर धरदबोचा था।

### पुरस्कार वितरण समारोह के साथ महेश नवमी महोत्सव का समापन

# युवा पीढ़ी प्रशासनिक व राजनैतिक क्षेत्र में आगे आए: बाहेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

माहेश्वरी समाज के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र मूंदड़ा व प्रचार मंत्री प्रदीप लाठी ने बताया कि महेश नवमी महोत्सव के समापन पर मेघावी विद्यार्थियों भाविशा माहेश्वरी, सार्थक माहेश्वरी, कृतिका माहेश्वरी, ऋषि झंवर, लक्ष्य थेपडिया, प्रतिज्ञा बाहेती, हर्षिता मालू, तोशनी डागा, श्लोक झंवर का सम्मान किया गया।

उक्त सम्मान स्व. कन्हैयालाल दाड़, स्व. गोपालदास मूंदड़ा एवं स्व. प्रहलाददास परवाल की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। मंच पर आसीन मुख्य अतिथि जिम्मी बाहेती सीईओ जनपद पंचायत तिल्लोर, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कैलाश डागा ने की। विशेष अतिथि के रूप में महिला संगठन की जिलाध्यक्ष मंगला परवाल, प्रादेशिक सभा से पधारे प्रतिनिधि श्रीराम तोतला एवं अष्ट सिद्धा समिति सहप्रमुख रंजना परवाल तथा समाज अध्यक्ष मनोज





बजाज, महिला संगठन अध्यक्ष चेतना माहेश्वरी, युवा संगठन अध्यक्ष नितिन चांड़क एवं सखी संगठन अध्यक्ष अलका भूतड़ा थी। अतिथियों का स्वागत समाज अध्यक्ष मनोज बजाज ने किया। अतिथि परिचय मनीष माहेश्वरी ने दिया। महेश वंदना पर नृत्य हर्षिता भूतड़ा, दुर्गा मूंदड़ा, तपस्या झंवर एवं रितिका परवाल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि जिम्मी बाहेती ने कहा कि लड़कियों को शिक्षा के साथ साथ आत्म निर्भर भी बनना जरूरी है, अपना माहेश्वरी समाज अग्रणी समाज है। मेरा युवा पीढ़ी से निवेदन है कि प्रशासनिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में भी आगे आएं। इस अवसर पर कैलाश डागा ने भी सम्बोधित किया। विशेष अतिथि तोतला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महिला संगठन, युवा संगठन एवं सखी संगठन द्वारा भी आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण किए गए।

कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी डागा ने किया तथा आभार संगठन मंत्री राधावल्लभ सिंगी ने माना। समाज बंधुओं के सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।ये भी हुए सम्मानितप्रखर सोनी के डॉक्टर बनने पर, अंकिता गुप्ता प्रशासनिक अधिकारी नेशनल इंश्योरेंस में नियुक्ति पर, रूचिता माहेश्वरी को एम एड में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

# जिला अस्पताल के जन्म मृत्यु कार्यालय में कर्मचारी को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अस्पताल के जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय में मंगलवार दोपहर कुछ लोगों ने हंगामा कर दिया। लोगों का कहना था कि यहां प्रमाण पत्र को लेकर हमें इधर उधर भटकाया जाता है। स्टाफ का व्यवहार ठीक नहीं है। आवेदक शैलेंद्र मौर्य ने बताया कि मैं गणेशपुरी देवास का रहने वाला हूँ, दो माह से प्रमाण पत्र के लिए कार्यालय आ रहा हूं, लेकिन कभी स्टाफ नहीं मिलता है, तो कभी अन्य कारण बताकर प्रमाण पत्र के लिए भटकाया जाता है।

यहां स्टाफ भी ठीक से व्यवहार नहीं करता है। कार्यालय में मौजूद स्टाफ के साथ लोगों की बहस भी हुई। इस दौरान महिलाकर्मी अपनी कुर्सी छोडक़र कार्यालय से चली गई। इसके बाद लोगों ने मामले को लेकर सिविल सर्जन एमपी शर्मा से शिकायत की।

लोगों ने बहस से दौरान का वीडियो भी सिविल सर्जन के दिखाया। जिसमें महिलाकर्मी गुस्सा करते हुए नजर आ रही है। मामले में डॉक्टर शर्मा ने बताया कि कुछ लोग मेरे पास आए थे। लोगों ने स्टाफ के व्यवहार को लेकर भी शिकायत की थी। कर्मचारियों की निर्वाचन में ड्यूटी होने से चलते कुछ पेंडेंसी भी बढ़ गई थी। जिस कर्मचारी के व्यवहार ठीक नहीं था, उन्हें वहां से हटाया गया है।


## खबर संक्षेप

### पूर्व जाटव समाज अध्यक्ष परसैया के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि



सीहोर। मध्यप्रदेश जाटव समाज द्वारा पूर्व जाटव समाज अध्यक्ष नन्दलाल परसैया, भगत सिंह परसैया एमपीईबी सेवीराम परसैया, अशोक परसैया के बड़े भाई के निधन पर सीहोर जाटव समाज द्वारा रविदास मंदिर डॉ.अम्बेडकर नगर गंज मुरदी मोहल्ला सीहोर में स्व. नन्दलाल परसैया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर श्री परसैया को ईश्वर के चरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामसिंह अहिरवार, शंकरलाल जाटव, धरम प्रकाश आर्य, पन्नालाल खंगराले, सुरेश इन्दौरिया सरपंच, नितेश इन्दौरिया, गंगाराम परसैया, हरिसिंह पुरवैया, नीरज जाटव, रिंकु जाटव, शोभाराम अहिरवार, धनराज थरेले, नरेन्द्र खंगराले, घनश्याम जाटव, राहुल जाटव, कैलाश, रामदयाल कचनेरिया, चुन्नीलाल कचनेरिया, सुरेश फरेला, धन्नालाल परचोले, सेवलाल मास्टर, सुरेन्द्र कचनेरिया उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक मदनलाल त्यागी का निधन



सीहोर। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मदन लाल त्यागी का 75 वर्ष की आयु में आज निधन हो गया है। सीहोर जिले में भाजपा को खड़ा करने में त्यागी का बड़ा योगदान रहा है।

### किसानों ने समस्याओं का हल कराने केंद्रीय कृषि मंत्री से की मुलाकात

# हल भेंट कर किसानों ने शिवराज को बताई समस्याएं, स्वागत में किया डांडिया नृत्य

ग्राम चन्देरी के किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के नेतृत्व में पहुंचे किसान।



हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

सीहोर जिले के ग्राम चन्देरी, रामाखेड़ी सहित कई गांवों के किसान समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के नेतृत्व में भोपाल पहुंचकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के केन्द्रीय कृषि मंत्री बनने के प्रथम बार भोपाल आगमन पर सभी किसानों ने लकड़ी का हल भेट कर अनोखे तरीके से डांडिया नृत्य करते हुए लहंगी गीत गाते हुए ग्रामीण किसानों ने प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा तीसरी बार सरकार बनाने पर बधाई दी और शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय कृषि मंत्री बनाये जाने पर बधाई देते हुए सम्मान किया। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा को अपनी गाड़ी में ऊपर ही बुलाते हुए किसानों का धन्यवाद व्यक्त किया।

किसानों ने कड़ाके की धूप की परवाह ना करते हुए सुबह 10:00 बजे से शाम को 6:00 बजे तक डांडिया नृत्य करते रहे एवं लैंगी खेलते रहे। जमीन पर बैठकर लैंगी गीत भी गाते रहे, जब मीडिया ने किसानों से पूछा कि आप इतनी धूप में जमीन पर बैठें हैं, तब किसानों ने कहा कि बड़े ही हर्षोल्लास का मौका है कि मोदी जी की तीसरी बार सरकार बनी है और हमारे सीहोर गृह जिले के शिवराज सिंह केन्द्रीय कृषि मंत्री बने है, हमारी खुशी के आगे धूप कुछ नही है। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा ने यह भी कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किसान सम्मान निधि 18 जून 2024 को देने का वादा किया है और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हमेशा किसानों की मदद की गई है। इस खुशी में हम किसानगण आज डांडिया नृत्य कर रहे हैं, नाच रहे हैं।

इस अनोखे आकर्षक दृश्य को अनेकों लोगों अपने-अपने मोबाइल में किसानों को कैद करते रहे। किसानों का डांडिया ड्रेस आकर्षित का केंद्र बना रहा। किसानों द्वारा किया जा रहा देश का पारम्परिक संस्कृति डांडिया नृत्य को महिलाओं ने भी मोबाइल कैद करते नजर आ रहे थे। भोपाल में मामा जी के निवास के सामने चल रहे इस आकर्षक दृश्य को हर कोई व्यक्ति रुक कर मोबाइल में वीडियो बना रहे थे। यहां यह भी देखा गया कि जहां कई राजनैतिक संगठनों ने बड़े-बड़े मंच लगाये हुए थे, वहीं किसानों द्वारा खुली जमीन पर बैठकर लैंगी गीत गा रहे थे, तो यहां यह देखा गया कि इन किसानों द्वारा किये गये पारम्परिक डांडिया नृत्य करते हुए लैंगी गीत के आगे लाखों रुपए खर्च कर बनाये गये बड़े-बड़े मंच फीके पड़ गये और किसानों के इस आकर्षक दृश्य को देखने के लिये हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

ग्राम चन्देरी के किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में पहुंचे ग्राम रामाखेड़ी के मोतीलाल मेवाड़ा, मांगीलाल, भगवान सिंह, केदार सिंह, गोपाल सिंह, अचल सिंह, करण सिंह, बलवान सिंह, ग्राम बिलकिसगंज से वरिष्ठ किसान प्रीतम सिंह मेवाड़ा, ग्राम छोटी कुंलास से रमेश चंद वर्मा, ग्राम कचनारिया से राकेश हाड़ा सहित सीहोर जिले के अलग-अलग गांव से भोपाल पहुंचकर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह जी का जोरदार स्वागत किया और इस अवसर पर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने कहा कि शिवराज सिंह



चौहान पाँव-पाँव वाले भैया हैं, किसान का बेटा है उन्हें स्वयं अपनी खेती में हल चलाया है और किसानों अनेक समस्याओं को हल किया इस लिये आज हम शिवराज सिंह चौहान का हृदय से सम्मान करते हल भेंट कर रहे हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी जी ने उनको केंद्रीय कृषि मंत्री बनाया है यह हम सबके लिये गौरव की बात है हम किसानों को बड़ी उम्मीद है कि अब हम किसानों के लिए बढ़चडकर काम करेंगे।

# दुर्घटना में पुत्र की हुई थी मौत, सचिव ने पिता-पुत्र को किया मृत घोषित

### अब नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ



आष्टा। शासन के रिकॉर्ड में सिद्धनाथ मृत घोषित।

हरिभूमि न्यूज ⏭आष्टा

विकासखंड की ग्राम पंचायत मुगली के तत्कालीन पंचायत सचिव गोपाल वर्मा जो वर्तमान में ग्राम पंचायत मुस्करा में पदस्थ हैं। इन्होंने ग्राम के एक व्यक्ति के पुत्र की दुर्घटना में मृत्यु पर न केवल पुत्र का अपितु उसका नाम भी मृतकों की सूची में अंकित कर दिया, जिसके कारण वह व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ 4 सालों से नहीं ले पा रहा है। ग्राम पंचायत के चक्कर लगा -लगा कर परेशान हो गया। करीब 2 साल से उक्त ग्राम पंचायत में पदस्थ पंचायत सचिव सरोज मेवाड़ा उक्त व्यक्ति को जिंदा रिकॉर्ड में ठीक कराने के लिए अनेकों बार संबंधितों को लिखित में एवं मेल चला कर भी अवगत करा चुकी हैं, लेकिन ऊपर की व्यवस्था इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुगली ग्राम पंचायत के सिद्धनाथ पिता रंजीत सिंह अनुसूचित जाति का पुत्र सुरेश का करीब 4 साल पहले दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उस समय ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव गोपाल वर्मा थे, उन्होंने ग्राम के सिद्धनाथ पिता रंजीत सिंह के पुत्र सुरेश की मृत्यु होने पर मृतकों की सूची में सुरेश के साथ उसके पिता सिद्धनाथ का नाम भी अंकित कर दिया था। सिद्धनाथ को यह जानकारी करीब 2 साल पहले पता चली, उसके बाद वह ग्राम पंचायत के चक्कर लगा - लगा कर परेशान हो गया। ग्राम पंचायत मुगली के सरपंच ज्ञानसिंह ठाकुर एवं पंचायत सचिव सरोज मेवाड़ा के पास जाकर बताया तो उन्होंने पोर्टल पर देखा तो सिद्धनाथ का नाम नहीं था। पंचायत सचिव सरोज मेवाड़ा के अनुसार उन्होंने इस संबंध में अनेकों बार मेल भी चलाएं लेकिन सिद्धनाथ का नाम मृतकों की सूची में से नहीं हट रहा है। सिद्धनाथ ने बताया कि मेरा नाम मृतकों की सूची में शामिल होने के कारण राशन एवं शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

### मेरी जानकारी में नहीं था एक सप्ताह में नाम जुड़ जाएगा: सीईओ

सीईओ अमित व्यास ने बताया कि मुगली ग्राम के सिद्धनाथ का नाम तत्कालीन पंचायत सचिव गोपाल वर्मा से ऑनलाइन उनके पुत्र के साथ जुड़ गया था। ग्राम पंचायत का प्रस्ताव लेकर सांख्यिकी विभाग भोपाल संबंधित विभाग को भेजा है। पुनः पत्र लिखकर शीघ्र नाम पंचायत की सूची में जुड़वा दिया जाएगा।

# क्रिकेट ट्रॉफी के रोमांचक फाइनल में कृष्णा ब्लास्टर ने फ्यूचर मैक्स को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में खेली गई एकलव्य क्रिकेट समर लीग क्रिकेट ट्राफी का फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा। मैच की अंतिम गेंद पर कृष्णा ब्लास्टर ने फ्यूचर मैक्स को पांच विकेट से हराकर ट्राफी अपने नाम की। इस मौके पर सीहोर विधानसभा के विधायक और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदेश राय ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन और उभरते खिलाडिय़ों को मंच देने के लिए अकादमी के कोच अतुल कुशवाहा, सहायक कोच गौरव पिचोनिया, मदन कुशवाहा आदि को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अकादमी के संरक्षक जगदीश कुशवाहा, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कृष्णा ब्लास्टर टीम के आनर वीरु वर्मा, फ्यूचर मैक्स के आनर आशीष शर्मा, मनोज दीक्षित मामा, हेमंत




केसरिया, सुनील जलोदिया, नागेन्द्र व्यास, कमलेश पारोचे और आसिफ खान आदि ने पुरस्कार वितरण किया। एकलव्य क्रिकेट समर लीग क्रिकेट ट्राफी के फाइनल मुकाबले में शाम को टास कृष्णा ब्लास्टर ने जीता था और क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी फ्यूचर मैक्स टीम के सलामी बल्लेबाज मंथन कुशवाहा ने 21 गेंद पर 17 रन और समर्थ शर्मा ने 24 गेंद पर 17 रन की पारी खेली, इसके अलावा कोई भी खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। वही कृष्णा ब्लास्टर की ओर से गेंदबाजी करते हुए हेमेन्द्र सिंह पटेल ने दो ओवर में मात्र आठ रन देकर तीन विकेट, मोहित मेवाड़ा ने तीन ओवर में 21 रन देकर एक विकेट और शुभ सक्सेना ने दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट हासिल किए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की शुरूआत खराब रही, क्रीज पर आए सलामी बल्लेबाज कार्तिक पाल चार रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद सलामी बल्लेबाज नैतिक राजपूत ने 37 गेंद पर 30 रन और मोहित मेवाड़ा ने 16 गेंद पर 10 रन बनाकर पारी को संभाल और मैच की अंतिम गेंद पर जीत हासिल की। फ्यूचर मैक्स की और से समर्थ शर्मा ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट और वारिश कुशवाहा ने दो ओवर में 14 रन देकर दो विकेट हासिल किए थे।डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि फाइनल मैच में कृष्णा ब्लास्टर की ओर से गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट हासिल करने वाले हेमेन्द्र सिंह पटेल को मैन आफ द मैच प्रदान किया गया।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष रवि चौधरी का किया शानदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭जावर

इंदौर आईपीएस कॉलेज अध्यक्ष छात्र शक्ति रवि चौधरी का एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष पवन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जावर जोड़ पर एनएसयूआई पदाधिकारी गन एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया जिसमे प्रमुख रूप से एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष पवन सिंह ठाकुर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रदुम ठाकुर,अभिषेक बीसूखड़ी, जोगेंद्र भाटी, योगेंद्र गोयल,देवराज पोरवाल, कपिल, शैलेंद्र भावखेड़ा, अजय सिंह ठाकुर, काना ठाकुर, सचिन ठाकुर, नरेंद्र सोलंकी, सचिन, दानिश खान, उज्जवल ठाकुर, अभिजीत ठाकुर, अमन ठाकुर, नितिन ठाकुर, दीपक पिपलिया, महेंद्र पोरवाल आदि एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जावर में मनाया इदुज्जुहा का त्योहार



हरिभूमि न्यूज ⏭जावर

जावर में ईद की नमाज आलिम नोशाद ख़ान के द्वारा अदा करवाई गयी ओर मुल्क के लिए एकता, भाईचारा, अमन चैन व देश की सुरक्षा के लिए दुआ की गयी इस मोके पर तहसील अमला तहसीलदार, पुलिस अमला व नगर परिषद की ओर से अधिकारी कर्मचारी ईदगाह पर मौजूद थे, साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, उपा अध्यक्ष तेजसिंह कप्तान,वरिष्ठ भाजपा नेता संजय अजमेरा, पार्षद पप्पू मंसूरी, पार्षद जाकिर हुसैन, इकबाल शाह, पूर्व पार्षद आशिक़ अली, बाबू खा ओर गणमान्य नागरिक शहर क़ाज़ी अज़ीज़ुर्रहमान, अब्दुल अज़ीज़ मंसूरी, अनीस मास्टर, पूर्व पार्षद शमीउद्दीन, हाफ़िज़ शाहिद,दयाराम परिहार,आबिद हुसैन,अकबर मंसूरी,अहद सिद्दीकी, यूनुस बेग, ईदगाह कमेटी के सदर शेख तोसिफ की और से चाय ओर पानी की व्यवस्था की गई खलीफा शफीक बाबा, शौकीन मंसूरी, नदीम सिद्दीकी, सदर नौशाद खान, बबलू शेख, हाजी गुलमोहम्मद आदि लोग मुख्य रूप उपस्थित थे मस्जिद कमेटी की और से सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# अच्छी बारिश के साथ क्षेत्र के किसानों ने बोवनी का कार्य कर दिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭जावर

पिछले एक सप्ताह से प्री मानसून की शुरुआत में आंधी तूफान के साथ कहीं ज्यादा तो कहीं कम वर्षा हुई है नगर सहित क्षेत्र में लगातार कभी बूंदाबांदी तो कभी तेज वर्षा प्रतिदिन कहीं ना कहीं हो रही है 15 जून से बरसात भी लग चुकी है। मानसून प्रवेश कर चुका है और वर्षा शुरू हो चुकी है इसी बीच ग्राम कुंडिया नाथू क्षेत्र में अधिक वर्षा होने के कारण कुछ किसानों ने बोवनी का कार्य प्रारंभ कर दिया है। ग्राम कुण्डिया नाथू सहित अनेक गांवों में किसानों ने सोयाबीन, ज्वार, मक्का, मूंगफली, आदि फसलों को बोना प्रारंभ कर दिया है किसान



राजा ठाकुर कुण्डिया नाथू सरपंच ने बताया कि इन दिनों वर्षा अधिक हो चुकी है किसान बोवनी कर सकता है बोवनी के बाद अगर 8-10 दिन भी पानी नहीं आए तो फसल नहीं सुखेगी और इस बीच वर्षा होगी क्योंकि 15 जून से वर्षा प्रारंभ हो चुकी है और अब लगातार कहीं ज्यादा तो कहीं कम पानी गिरेगा पिछले दो दिनों से लगातार जो बारिश हुई है उसे खेतों में पानी भर गया था और काफी नमी हो गई किसान आसानी से बोवनी कर सकता है।

### हिंदू रीति रिवाजों के साथ किया डॉगी का अंतिम संस्कार

# परिजनों ने नम आंखों से दी परी को अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭आष्टा

नगर के बुधवारा रोड के समीप स्थित निखार ब्यूटी पार्लर संचालिका कविता चंद्रवंशी के परिवार ने हिंदू रीति रिवाजों के साथ अपने डॉगी परी का किया अंतिम संस्कार। किरण रांका ने बताया कि कविता चंद्रवंशी का पूरा परिवार के बीच डॉगी एक परिवार की सदस्य की तरह थी।

जिसे सब बहुत ही स्नेह से रखते थे। उसका नाम निखार ब्यूटी पार्लर परिवार ने परी रखा था एवं बताया जाता है कि परी करीब 14 वर्ष से इसी परिवार का एक हिस्सा बनी हुई थी। किरण रांका ने बताया कि परी की विगत कुछ माह से तबीयत खराब थी।जिसका



इलाज भोपाल चल रहा था। अचानक बीती रात को उसकी तबीयत पुनः खराब हुई, जिसे इलाज के लिए भोपाल ले जा रहे थे। इसी दौरान डॉगी परी ने अंतिम सांस ली। और परिवार जनों को पता चला कि अब वहां इस दुनिया में नहीं रही तो पूरे परिवार के आगे दुख के बादल छा गए। और उनके पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। क्योंकि कविता चंद्रवंशी व उसके बेटा बेटी हमेशा उसको अपने परिवार का एक सदस्य मानते थे। उसकी मृत्यु के बाद निखार ब्यूटी पार्लर परिवार ने हिंदू रीति रिवाजों के साथ उसका अंतिम संस्कार किया। एवं झलकती हुई आंखों से अंतिम विदाई दी। वहीं अंतिम संस्कार के दूसरे दिन उसकी अस्थियां नेमावर में विसर्जन की। इस परिवार की इस तरह से अपने डॉगी के प्रति प्रेम देखकर सभी परिचितजनों, परिजनों एवं शहर वासियों ने इस परिवार की काफी सराहना की।

# विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭आष्टा

लोकसभा चुनाव में जीत के बाद कृषि व ग्रामीण पचायत केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई केन्द्रीय मंत्रियो के प्रथम भोपाल आगमन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के पहले भोपाल में विभिन्न क्षेत्रों के हजारों कार्यकर्ताओ ने भव्य आगवानी की इसी क्रम में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के नेतृत्व में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने पूर्व मुख्यमंत्री, विदिशा सांसद, कृषि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का भोपाल में भारत टाकीज चौराहे पर गर्म जोशी से स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गोपाल सिंह इंजीनियर के अभिनन्दन की प्रशंसा करते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से कहा की इसी प्रकार सक्रियता बनाए रखना और विकास कार्यों को करवाते रहना। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने माननीय



केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का गुलाब के फूलों व प्रतीक चिन्ह भेंट कर ढोल नगाड़े आतिशबाजी कर अपने नेता का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सीहोर जिले के वरिष्ठ नेता गण आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी नेतागण उपस्थित रहे।

पीड़िता बोली - मुझे व मेरे पति को जान का खतरा, अगर भविष्य में कुछ अनहोनी होती है तो नपाध्यक्ष होंगे जिम्मेदार

# महिला स्वास्थ्यकर्मी से घर में घुसकर मारपीट करने पर नपाध्यक्ष पर एफआईआर की दर्ज

**मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने किया ट्वीट**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

सत्ता के मद में चूर हो चुके नगरपालिका राजगढ़ के अध्यक्ष फिलहाल फिर से सुर्खियों में हैं। प्रशासन को अपनी जेब में रखने का दावा करने वाले नपाध्यक्ष पर पूर्व में भी अपने सहयोगियों के साथ सरेआम मारपीट की घटना का आरोप लगा हुआ है। परंतु इस बार मामला महिला स्वास्थ्यकर्मी के घर में घुसकर मारने का है। महिला व उसकी 7 साल की मासूम बेटी इस पूरे मामले को देखकर सहम गई। पीड़िता का कहना है कि नपाध्यक्ष विनोद साहू द्वारा दो बार मुझे मारने आए जिसका मेडिकल भी करवाया गया है। अध्यक्ष विनोद साहू पर एक महिला स्वास्थ्य कर्मी के घर लाठी डंडे लेकर मारपीट करने के आरोप लगे हैं। घटना के कई वीडियो बनाए गए हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन्ही वीडियो को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी अपने ट्वीटर हेंडिल से ट्वीट करते हुए सीएम को लिखा है कि नेताओं का आतंक। राजगढ़ पुलिस ने भी मामले में संज्ञान लेते हुए नपाध्यक्ष विनोद साहू पर 294, 323, 506 में मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

### नपाध्यक्ष को गाली देने से मना किया तो मारपीट पर उतर आए

पीड़ित स्वास्थ्य कर्मी मीनाक्षी का कहना है कि 16 जून को 2.30 बजे दोपहर में नपाध्यक्ष मेरे शासकीय निवास पर आए और गालियां देना शुरू कर दिया मना करने पर थप्पडों से मारा। इसके बाद दोबारा फावड़ा लेकर मारने के लिए दौड़ा इतने में मेरे पति आ गए और बीच बचाव किया।



Digvijaya Singh
@digvijaya_28

माननीय मुख्य मंत्री जी @CMMadhyaPradesh क्या आप एक शासकीय स्वास्थ कर्मी के साथ @BJP4India के नगर पालिका अध्यक्ष राजगढ़ द्वारा की जा रही गुंडागर्दी को स्वीकृति देंगे? क्या धारा 353 के अन्तर्गत इन पर कार्यवाही नहीं होना चाहिए? आप कहेंगे FIR नहीं हुई। बैतूल की रहने वाली नर्स शासकीय पार्टी के नगर पालिका के अध्यक्ष जी के ख़िलाफ़ FIR करने के लिए थाने पर जा रही थी तभी तो यह घटना हुई। अध्यक्ष जी की नाराज़ी का कारण क्या है आप CM साहब पता लगा लें। मुझे मालूम होते हुए भी नहीं कहूँगा। @RajgarhSp @collectorrajga1 क्या शासकीय कर्मचारी की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी आपकी नहीं है? @INCMP

राजगढ़ में भाजपा नेताओं की सरेआम गुंडागर्दी! महिला स्वास्थ्य कर्मी को ला... youtu.be/zOPfJlpHFG4?si... via @YouTube

Translate post

7:15 · 17 Jun 24 · 4,102 Views

69 Reposts 241 Likes 1 Bookmark

इस संबंध में राजगढ़ टीआई वीर सिंह ठाकुर का कहना है कि जांच के उपरांत नपाध्यक्ष विनोद साहू पर 294, 323, 506 में मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### विवाद की जड़ यहां से हुई शुरू

जानकारी के अनुसार सरकारी रेसिडेंशियल कैंपस में लगने वाले गेट को लेकर स्टॉफ के कर्मचारियों से चंदा इकट्ठा किया गया था। परंतु जब गेट लगने लगा तो पीड़िता ने कह दिया था कि इसे लगवाते समय मुझसे भी राय ले ली जाती तो अच्छा लगता। मैंने भी इसके लिए रूपए दिए हैं। जिस पर कैंपस में ही रहने वाली किरण से कोई विवाद हो गया। वहीं से मामला तूल पकड़ गया।

### घटना संज्ञान में नहीं है

कांग्रेस नेता पार्टी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। छोटा-मोटा विवाद हो गया होगा, परंतु महिला से मारपीट जैसी घटना मेरे संज्ञान में नहीं है। हम सभी संस्कारित पार्टी के कार्यकर्ता हैं।

**ज्ञानसिंह गुर्जर,**
राजगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष

### अभद्रता के आरोप लगते रहे हैं

नेताओं पर पूर्व में भी महिलाओं के साथ अभद्रता के आरोप लगते रहे हैं। परंतु जिले के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि कोई नपाध्यक्ष किसी महिला के निवास पर जाकर मारपीट करता है। यह पार्टी की करनी और कथनी को दर्शाता है।

**प्रकाश पुरोहित,**
जिलाध्यक्ष कॉंग्रेस राजगढ़

कॅरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित

## कलेक्टर ने बताए प्रतिभा निखारने और कॅरियर को संवारने के टिप्स




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

कक्षा बारहवीं के बाद हर विद्यार्थी को शिक्षा की उस दिशा को चुनन पड़ता है जिसमें उसे आगे अपना जीवन बनाना है। लेकिन, कैरियर चुनने की राह आसान नहीं है। कभी-कभी हमारी इच्छाएं अलग होती हैं लेकिन उनमें कैरियर नहीं बन पाता है। ऐसे में हमें अपना भविष्य बनाने किस राह पर चलना चाहिए इस संबंध में कैरियर मार्गदर्षन शिविर अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। इसी उद्धेष्य को लेकर गत दिवस सौंधिया समाज के तत्वावधान में जीरापुर स्थित सामाजिक धर्मधाला में कैरियर मार्गदर्षन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया कि किस तरह हम अपने कैरियर का चयन करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हमें जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे पाने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। इस दौरान कलेक्टर दीक्षित ने बच्चों से पूछे गए प्रष्नों का संतुष्टीपरक उत्तर प्रदान किए। कार्यक्रम में मतस्य पालन मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि जिस बच्चे ने लक्ष्य बना लिया वहीं जीवन में ऊंचे मुकाम पर पहुंचता है।

### हमें सभी से लेना चाहिए मार्गदर्शन : पंवार

मंत्री पंवार ने बच्चों से कहा कि विद्यार्थियों को अपने वरिष्ठजनों, अभिभावकों, शिक्षकों से भी मार्गदर्षन लेना चाहिए। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी प्रताप सिंह सिसोदिया, आलोट जपं अध्यक्ष कालूसिंह परिहार, तारासिंह चौहान, सासंद नारायण सिंह आमलाबे, जिपं अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, संजय पंवार, प्रेमसिंह पंवार, ईष्वर तोमर, नरवर सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नवनियुक्त कृषि मंत्री चौहान को प्रचंड जीत की दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान गत दिवस राजधानी दिल्ली से लौटे हैं। उनके भोपाल लौटने पर राजगढ़ एवं खुजनेर क्षेत्र के भाजपाईयों व खुजनेर नपा के सभी पार्षदों ने चौहान के निवास पहुंचकर उन्हें चुनावों में मिली प्रचंड जीत की बधाई दी। इसके साथ ही सभी भाजपाई सहकारिता मंत्री विश्वास सारंगपुर के निवास पर भी पहुंचे और उन्हें बधाई देते हुए क्षेत्र की आवश्यकताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका, पूर्व नपाध्यक्ष पंकज शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया बकरीद का पर्व, उर्स का हुआ आयोजन

### ईद की नमाज अदा कर देश में अमन-शांति की दुआ मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा सोमवार को ईजउलजुहा बकरीद का पर्व उत्साह, उमंग एवं उल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर में कुर्बानियों के पूर्व सुबह सभी मुस्लिमजन ईदगाह एवं मस्जिदों में एकत्रित हुए। यहां सभी ने ईद की नमाज अदा की। नमाज के दौरान सभी को शांति, सौहाद्र, अमन और भाईचारे से रहते हुए मुल्क की तरक्की के लिए प्रयास करते रहने की तालीम दी गई।

न केवल राजगढ़ मुख्यालय बल्कि जिले के सभी शहरों, कस्बों, ग्रामों में ईद का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। मुख्यालय पर मस्जिद में हुई नमाज उपरान्त नगर पालिका द्वारा मुस्लिमजनों के स्वागत आदि रखा




गया। यहां हिंदू, मुस्लिमों ने एक-दूसरे के गले मिलकर पाक त्यौहार की बधाई दी। ईद पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। राजगढ़ मुख्यालय पर 46वें उर्स का आयोजन भी रखा गया। उर्स में लंगर उपरान्त रात्रि में कव्वालियां का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## ईद का पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया, मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶तलेन

सोमवार को नगर वा ग्रामीण क्षेत्र में ईद उल अजहा का महा पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया।छोटे-छोटे बच्चे,पुरुष सजधजकर सारंगपुर रोड स्थित ईदगाह पर पहुंचे। ईदगाह पर जामा मस्जिद की इमाम मौलाना मोहम्मद इकबाल खाँ अपनी तकरीर में कहां की मजहबे इस्लाम में कुर्बानी एक इबादत है।

पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम और उनके बेटे हजरत इस्माइल अलेह सलाम की याद में ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाता है। आगे मौलाना ने कहा कि जो साहिबे हैसियत है। उन पर कुर्बानी वाजिब( जरूरी) है। अभी भी अगर साहिबे हैसियत ने कुर्बानी का जानवर नहीं लिया है ,तो अभी दो दिन बाकी है। उन दो दिनों में भी कुर्बानी कर सकते। ईद की नमाज जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद इकबाल खाँ ने सुबह 7.30 पर अदा कराई। दुआ की ए अर्श आजम के मालिक, हम तेरे खताकर बंदे हैं।, ऐ हमारे परवरदिगार हमारे गुनाहों को माफ फरमा, या अल्लाह हमारी इबादतो और कुर्बानियों को कबूल फरमा,या अल्लाह जो बीमार है उन्हें शिफा अता फरमा,या अल्लाह मुल्क में अमनो अमान अता फरमा, मुल्क की तरक्की अता फरमा,या अल्लाह मुल्क में अमन भाईचारा-सद्भाव अता फरमा,या अल्लाह रहमतों बरकतों वाली बारिश अता फरमा दुआ के बाद नगर में कुर्बानियों का दौर शुरू हो गया और एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और हिंदू भाइयों ने भी ईद-उल-अजहा के मौके पर मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

### समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष ने की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

**नरसिंहगढ़।** गंगा दशमी के पावन अवसर पर छीपा समाज द्वारा श्री लक्ष्मीकांत मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही समाज के नव नियुक्त अध्यक्ष ओमप्रकाश बघेरवाल द्वारा नवीन कार्य समिति की घोषणा की गई जिसमें सचिव पद पर धर्मेंद्र नामदेव रईवाल उपाध्यक्ष पद पर नवीन नामदेव मोहित तोनगरिया व सतीश भावसार कोषाध्यक्ष पद पर आकाश बघेरवाल एवं सह सचिव गोविंद नामदेव, प्रचार प्रसार मंत्री के पद पर गोपाल प्रसाद जाजपुरिया एवं विधिक सलाहकार एडवोकेट मुकेश नामदेव को नियुक्त किया गया समाज के सभी वरिष्ठजनों द्वारा नवयुक्त अध्यक्ष एवं कार्य समिति के सदस्यों का स्वागत कर बधाई दी गई नव नियुक्त सचिव द्वारा सभी समाज बंधुओ का आभार प्रदर्शन किया गया व सह भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## 11 केवी लाइन से पोल टकराने से फैला करंट, सोनकच्छ के पास की घटना

**2 विद्युतकर्मियों की मौत, 2 घायल**

**नरसिंहगढ़।** डिविजन के छोटा बैरसिया ग्रिड के सोनकच्छ की घटना है जहां पर बिना परमिट के ही विद्युतकर्मियों से काम करवाने की बात सामने आई। परंतु समय बीतने पर पता की परमिट था। परंतु इस हां और न में किसी के परिवार के दो चिराग बुझ गए और 3 लोग घायल हो गए। जिनका उपचार ब्यावरा के निजी अस्पतालों में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मृतकों को मरर्चूरी में रखवा दिया गया है।



मृतक अभिषेक पिता इंदर सिंह उम्र 22 साल निवासी गीदोरहाट थाना सुठालिया व संदीप पिता हेमराज प्रजापति उम्र 19 साल निवासी गिनदौर हाट थाना सुठालिया हैं। वहीं घायलों में मुकेश पिता प्रेमचरण वर्मा उम्र 35 साल निवासी सोनकक्ष थाना नरसिंगगढ़ निदान अस्पताल मै भर्ती है। विक्रम पिता मांगीलाल प्रजापति उम्र 22 साल निवासी गिनदौरहाट सिविल अस्पताल मै भर्ती है।

## रोड किनारे लगे ठेलों की वजह से वाहनों को निकलने में आ रही परेशानी


**छापीहेड़ा।** बस स्टैंड के मैन रोड पर प्राचीन चोपड़ा के आसपास लगे हाथ ठेलो की वजह से थोड़ी-थोड़ी देर में जाम लग जाता है। रोड पर निकलने वाले वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। प्रदेश सरकार के द्वारा निर्देश जारी किए गए थे कि जहां-जहां जाम की स्थिति लगती है वहां यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान हो सके। परंतु नगर छापीहेड़ा में रोड किनारे लगे हाथ ठेलो की वजह से वाहनों को निकालने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है रोड किनारे की पटरी पर बड़े-बड़े तंबू तानकर मेंन रोड को ही सकड़ा कर दिया




समस्या विकट परंतु निराकरण के लिए ना तो नपा आगे आती है नाही यहां का स्थानीय पुलिस प्रशासन फिर यातायात कैसे दुरुस्त हो पाएगी छापीहेड़ा नगर के मेंन रोड की यातायात व्यवस्था दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है अगर समय रहते ध्यान ना दिया तो बड़े हाथसे एक्सीडेंट जैसी संभावनाए भी बनी रहती हे मेंन रोड से नजदीक टिकाकर हाथ ठेले लगाना इन पर कोई रोक-टोक ना होना इससे सीधा-सीधा नपा के साथ-साथ पुलिस व्यवस्था पर भी सवालिया निशान उठना है।

## श्री तारणहार सरकार मंदिर पर मनाया स्थापना वार्षिक महोत्सव

**सारंगपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री तारणहार सरकार मंदिर न्यायालय परिसर में स्थापना वार्षिक महोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार प्रातः 7 बजे से सभी देवी देवताओं का आव्हान,पूजन एवं रामायण पाठ का आयोजन किया गया। दूसरे दिन रविवार प्रात:08 बजे सभी देवी देवताओं का पूजन, श्री तारणहार सरकार का विशेष पूजन एवं नयनाभिराम आकर्षक श्रृंगार कर हवन कर आरती की गई। मध्यान्ह में कन्या भोज का आयोजन किया गया तथा सायंकाल 07.30 बजे विशेष महाआरती एवं भंडारा का आयोजन किया गया। समस्त पूजन अर्चन मंदिर के मुख्य पुजारी पं बालकृष्ण शर्मा साथी पं पवन पारीक के द्वारा विधि पूर्वक संपन्न करवाई गई।



सोशल मीडिया बना माध्यम

## भोपाल से राजगढ़ आकर डोनेट किया दुर्लभ ग्रुप का ब्लड



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिला अस्पताल में एडमिट पार्वती पत्नी गोपाल को दुर्लभ ग्रुप कहे जाने वाले एबी नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी। समाजसेवियों के काफी प्रयासों के बाद भी इस ग्रुप के रक्त की राजगढ़ एवं आसपास क्षेत्र से कोई व्यवस्था नहीं हो पाई। सोशल मीडिया के माध्यम से रक्त आवश्यकता का मैसेज लक्ष्मीनारायण तंवर को मालूम हुआ। तंवर ने भोपाल निवासरत अपने मित्र घनश्याम राजपूत चिंकू से इस बारे में संपर्क किया और एबी नेगेटिव ग्रुप की नितांत आवश्यता बताई। धनश्याम भोपाल से रवाना होकर राजगढ़ जिला अस्पताल पहुंचे यहां उन्होंने पेशेंट पार्वतीबाई के ब्लड डोनेट किया।

हमें जल स्त्रोतों का संरक्षण करना होगा और उनकी साफ सफाई रखनी होगी

# जल गंगा अभियान का समापन, सीएम के संदेश को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा जल संरक्षण के लिए कुआ बावड़ी जल स्त्रोतों नदी नालों की सफाई का जो अभियान चलाया गया था उसे अभियान का जनपद स्तरीय समापन पौधारोपण के साथ बिजासन धाम वैष्णो माता जी में किया गया।



समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कौशल विकास एवं रोजगार गौतम पेटवाल ने कहा कि आज जिस युग में हम जी रहे हैं इसमें हमें ऑक्सीजन की बेहद आवश्यकता होती है जरूरी है। जल और जंगल इसलिए हमें जल स्त्रोतों का संरक्षण करना होगा और उनके साफ सफाई रखना होगी ताकि उनमें वर्षा का जल का संचय हो हो सके क्योंकि वर्षा के जल संचय से ही हमारी फसलों को पानी मिलेगा सब का दाइत्व है की सब एक एक पेड़ लगाए और उनको बड़ा करने का संकल्प ले ताकि आने वाले कल में हमें वही पेड़ आक्सीजन प्रदान कर सके वही मंत्री टेटवाल ने ग्राम विकास कार्यो में सरकार की और से हर सम्भव मदद कराने की बात मंच के माध्यम से कही।

वही सांसद रोडमल नागर ने कहा की हर व्यक्ति अपने जन्मदिन पर हर वर्षा एक पौधा लागए क्योंकि पेड़ आज की जरूरत है हमारे पूर्वजों के द्वारा संरक्षित कुआ बावड़ी नदी नालों की साफ सफाई और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी अब हमारी बनती है इसलिए सबसे आग्रह है अपनी जड़ो से जुड़े क्योंकि जीने के लिए जिस चीज की ज्यादा जरूरत होती है वह है आक्सीजन और आक्सीजन केवल पेड़ पौधे ही दे सकते है आज हम जौ कचरा फैला रहे है और इससे मिलने वाली जहरीली गैस को भी पौधे ही आत्मसात करते है और बदले में हमें जीने के लिए शुद्ध वायु देते है। इस अवसर पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने भी उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए जलसंरक्षण के लिए जनसहयोग से चलाये गएतालाब गहरीकरण कार्य के लिए ग्रामीणों को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर सभी को जल संरक्षण जलस्त्रोत की देखभाल पौधरोपण का संकल्प जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर ने दिलाया। वही भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश बैस वा घनश्याम नागर द्वारा भी जल गंगा अभियान के संदर्भ में अपनी बात रखी इस अवसर पर महिप तेजस्वी मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़, प्रमोद कुमार सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर, मनोज शर्मा तहसीलदार सारंगपुर, सहित जनपद के सभी उपयंत्री मौजूद रहे राज्यमंत्री गौतम टेटवाल,सांसद रोडमल नागर एवं कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर सहित अतिथियों वा सरपंच कुलदीप नागर ने पौधरोपण किया।